दिनांक 15 मई 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आगामी वर्षा ऋतु एवं जलभराव की स्थिति को देखते हुए, वर्षों से जमा हुए नालियों से मलबा हटाकर की जा रहा है

सफाईभिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर चौक से केपीएस चौक तक लगभग 1000 मीटर नाली की सफाई मलबे को हटाकर की जा रही है! जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा ने बताया कि विगत कई वर्षों से नेहरू नगर चौक से लेकर केपीएस चौक तक नाली से मलबा नहीं निकाला गया था , नाली से सटकर दुकान एवं घर बनाने के कारण नाली पूरी तरह मलबा से पट गया था! अभी हाल में हुई बारिश के दौरान जलभराव होने की स्थिति और पानी निकासी नहीं होने का जायजा क्षेत्र भ्रमण करते हुए लिया गया जिस पर नाली निर्माण की कार्यवाही की जा रही है! पिछले 2 दिनों में खुदाई करते हुए लगभग 230 मीटर लंबाई से मलबा निकालकर नाली का स्वरूप दिया जा चुका है ताकि आने वाले बारिश के दिनों में इस नाली से जल प्रवाह निरंतर हो सके और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति न बने! जोन आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान यह देखा कि नेहरू नगर चौक से केपीएस चौक तक की नाली का स्वरूप ही नहीं है , नाली ही दिखाई प्रतीत नहीं हो रही है , जिससे जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है मामले को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने तत्काल पूरे मलबे को हटाकर नाली तैयार करने के निर्देश दिए! इस कार्य में 12 से 15 कर्मचारी कार्यरत है! घड़ी चौक से लेकर लक्ष्मी मार्केट एवं अग्रसेन चौक से लेकर शासकीय स्कूल मार्ग के नाली की भी इसी प्रकार से स्थिति थी जिसे नाली का स्वरूप दिया गया है!